INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 6 3rd Lang. | Department: Hindi | Class Work |
|---|---|---|
| Question bank and Grammar | Topic- छुट्टी नहीं ली मैंने | Note: Please complete your work. |

## प्रश्नोत्तर

क. बादल कैसे बनते हैं?

उत्तर = सूर्य की गर्मी से सभी जल स्रोतों का जल गरम होकर भाप बन जाता है और भाप ऊपर की ठंडक से जमकर बादल बन जाती है ।

ख. इंद्रधनुष के रंगों के नाम क्रम से लिखिए ।

उत्तर = लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, बैंगनी |

ग. इंद्रधनुष में रंग भरने का काम कौन करता है?

उत्तर = इंद्रधनुष में रंग भरने का काम सूर्य करता है । वर्षा के बाद जब सूर्य की किरणें पानी की बूँदों पर पड़ती हैं तो वे सात रंगों में अलग हो जाती हैं; ये सात रंग हमें इंद्रधनुष के रूप में दिखाई देते हैं ।

घ. सूर्य आपके सामने होता तो आप उससे क्या पूछते ?

उत्तर = यदि सूर्य मेरे सामने होता तो मैं उससे पूछता कि

1 आप इतने गर्म क्यों हो?

2 आप चारों तरफ़ रोशनी क्यों फैलाते हो?

3 आप इतने चमकीले क्यों हो?

4 आप इतने बड़े व गोल क्यों हो?

ङ. किसने कहा कि आज सूर्यग्रहण है?

उत्तर = शैलजा की दादी ने कहा कि आज सूर्यग्रहण है|

च. ‘क्या सूर्यदेव आज छुट्टी पर है?’ यह वाक्य किसने कहा?

उत्तर = ‘क्या सूर्यदेव आज छुट्टी पर है?’ यह वाक्य वेंकटेश ने कहा|

## अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----(Textbook)*

क. जल को भाप कौन बनाता है ?

सूर्य  चंद्रमा  तारे  इंद्रधनुष

ख. इंद्रधनुष में कितने रंग होते है ?

पाँच  छह  सात  चार

ग. सूर्यग्रहण के समय सूर्य के आगे कौन खड़ा हो गया था ?

तारा  चंद्रमा  ग्रह  धरती

उत्तर= क. सूर्य  ख. सात  ग. चंद्रमा

2. सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए | *(Textbook)*

*Complete the sentences with the correct words.*

| |
|---|
| बादल |
| आकाश |
| इंद्रधनुष |
| सूर्यग्रहण |

क. ............... लगने पर अँधेरा हो जाता है |

ख. भाप वायुमंडल की ठंडक से ............... बन जाती है |

ग. वर्षा के बाद ............... दिखाई देता है |

घ. ............... कितना सुंदर लग रहा है |

उत्तर= क. सूर्यग्रहण  ख. बादल  ग. इंद्रधनुष  घ. आकाश

3. विलोम शब्द | Opposite Words.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सरदी - | गरमी | बड़ा - | छोटा |
| मोटा - | पतला | नया - | पुराना |
| काला - | सफ़ेद | सूखा - | गीला |
| शांति - | अशांति | अंदर - | बाहर |

4. हिंदी अर्थ लिखिए | (Write Hindi Meanings.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Artist - | कलाकार | Steam- | भाप |
| Picture- | चित्र | Rain - | वर्षा |
| Moon - | चंद्रमा | Colour- | रंग |
| River - | नदी | Clouds- | बादल |

5. वर्तनी शुद्ध कीजिए| (Correct the spellings.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| र्सूय - | सूर्य | अँदेरा - | अँधेरा |
| तलाब - | तालाब | इँद्रधनुष- | इंद्रधनुष |
| असमानी - | आसमानी | चीत्रकार - | चित्रकार |

6. वाक्य बनाइए| ( Make sentences.)

सूर्य - सूर्य हमें गरमी देता है।

चंद्रमा - चंद्रमा का प्रकाश शीतल होता है।

बादल - आसमान में काले-काले बादल छा गए।

तालाब - तालाब का पानी सूख गया।

समुद्र - समुद्र का पानी खारा होता है।

7. लिंग बदलिए |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भाई | - | बहन | माता | - | पिता |
| शेर | - | शेरनी | बकरा | - | बकरी |
| छात्र | - | छात्रा | मुर्गा | - | मुर्गी |
| दादा | - | दादी | शिक्षक | - | शिक्षिका |

8. विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए| (उत्तर)

| | |
|---|---|
| क. मीना के पिता ने पुरानी गाड़ी बेच दी| | पुरानी |
| ख. पिताजी ने कार में दो लीटर पेट्रोल भरवाया| | दो लीटर |
| ग. माँ दादीजी के लिए नीली साड़ी लाईं| | नीली |
| घ. इस तेज़ धूप में घर से निकलना मुश्किल है। | तेज़ |
| ङ. सात लड़के मैदान में भाग रहे थें| | सात |
| च. राहुल चाय में थोड़ी चीनी डाल दो| | थोड़ी |
| छ. शरारती बच्चे कक्षा में शोर मचा रहे हैं| | शरारती |
| ज. उसने चमकीला पत्थर उठाया| | चमकीला |

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆